epaper
हिन्दुस्तान

माल एवेन्यू से अटल चौक और जीपीओ से बापू भवन के बीच बनेगा कैपिटल काम्प्लेक्स

सेंट्रल विस्टा की तरह एक छत के नीचे होंगे दफ्तर

23/02/2022

150

लखनऊ । प्रमुख संवाददाता

दिल्ली के सेंट्रल विस्टा की तर्ज पर लखनऊ में सेंट्रल कैपिटल कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। इसमें विभिन्न सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे होंगे। इसकी डिजाइन उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतीक चिह्न की तरह मत्स्य आकार का होगा। एलडीए में मंगलवार को हुई सिटी डेवलपमेंट प्लान की बैठक में कंसल्टेंट ने मण्डलायुक्त रंजन कुमार व एलडीए उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के समक्ष इसका प्रदर्शित किया।

बैठक में एरिनेम कन्सल्टेंसी सर्विसेस की निदेशक शुभ्रा मित्तल ने सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत किये गये कार्यों का बिन्दुवार प्रजेन्टेशन दिया। इसमें माल एवेन्यू से लेकर अटल चौक और जीपीओ से बापू भवन के बीच तकरीबन 150 एकड़ क्षेत्रफल में सेंट्रल कैपिटल कॉम्पलेक्स बनाने के प्रस्ताव पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त 1090 चौराहे के पास सब सिटी सेंटर की जमीन पर इनोवेशन हब विकसित किए जाने का भी प्रस्ताव दिया गया। इनोवेशन हब में बीपीओ, डाटा प्रोसेसिंग सेंटर, बैंक, दुकानें, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, कैन्टीन के साथ युवाओं को स्टार्ट अप के लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा उपलब्ध देने की बात हुई। इसके अलावा मोहान रोड पर स्टेट हैबिटैट एंड एक्सपो सेंटर के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें 10 हजार की क्षमता वाले ऑडिटोरियम के साथ एक बड़ा एक्जिबिशन हॉल बनाया जाएगा।

लक्ष्मण झूले की तर्ज पर बनेगा गोमती पर पुल

सीडीपी की बैठक में गोमती रिवर फ्रंट के दोनों छोर के बीच पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाने की बात हुई है। यह पेडेस्ट्रियन ब्रिज लक्ष्मण झूले की तर्ज पर बनाया जाएगा। इसमें शीशे की फ्लोरिंग लोगों को स्काई वॉक का आनंद देगी। इस ब्रिज की आकर्षक डिजाइन और खूबसूरती पर्यटन के साथ-साथ शहर की इकोनॉमिकल प्रोफाइल को भी बढ़ावा देगी।

एकड़ क्षेत्रफल में सेंट्रल कैपिटल कॉम्पलेक्स का प्रस्ताव

10

हजार क्षमता वाले ऑडिटोरियम के साथ एक्जिबिशन हॉल बनेगा